बिजली एक आवश्यक सेवा अवधारणा, मापदंड, सामाजिक पहल और विकास पर कार्यशाला

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी धौलपुर(राजू शर्मा)। दिनांक 02/04/2023 को वास्क रिसर्च फाउंडेशन जयपुर एवं सामाजिक विकास समिति धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नागरिक एवं उपभोक्ता परामर्श केन्द्र धौलपुर में विद्युत लोकतान्त्रिकरण विषय पर धौलपुर जिले के प्रमुख स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वास्क रिसर्च फाउंडेशन जयपुर के ललित कुमार पाण्डेय ने बिजली एक आवश्यक सेवा, अवधारणा, मापदंड, सामाजिक पहल और विकास पर प्रकाश डालते हुए। कार्यदक्षता के मापदंड, क्षतिपूर्ति- क्रियाविधि, शिकायत निवारण प्रणाली, आईजीआरएफ, सीजीआरएफ और विद्युत लोकपाल के प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में शामिल संभागियों ने भी अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में सामाजिक विकास समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार परमार, महामंत्री मुकेश सिकरवार दादा, युवा चेतना समिति बाड़ी के अध्यक्ष रामदास तरुण, पीरामल फाउंडेशन के संतोष उपाध्याय, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के भगवती प्रसाद, हरभान सिंह, रामवीर सिंह सिकरवार, ध्रुव फाउंडेशन के डा. ध्रुवेन्द्र सिंह %ध्रुव, स्मिथ अग्रवाल एडवोकेट, विनोद कुमार तिवारी, कंचनपुर अन्नपूर्णा महिला सहकारी समिति के दिनेश कुमार जादौन आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में शामिल संभागियों ने राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, जयपुर के अध्यक्ष महोदय के नाम से एक ज्ञापन लिखकर प्रेषित किया जिसमें विद्युत वितरण कंपनियों की सेवाओं और सुरक्षा संबंधी विषयों पर सामाजिक अंकेक्षण किए जाने हेतु अनुरोध किया गया।